मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-222
01/08/2024

पेरिस ओलंपिक 2024 में श्री स्वप्निल कुसाले को कांस्य पदक जीतने पर मुख्यमंत्री ने दी बधाई एवं शुभकामनाएं

पटना, 01 अगस्त 2024 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने पेरिस ओलंपिक 2024 की शूटिंग प्रतियोगिता के मेन्स 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में देश के लिये कांस्य पदक जीतने पर श्री स्वप्निल कुसाले को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री स्वप्निल कुसाले ने कड़ी मेहनत और अपनी प्रतिभा के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है, यह हम सभी के लिये गौरव की बात है।

******